MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY ! AFFAIRS AND MINISTER OF STATE । IN THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI RAM NAIK): (a) and (b) Some instances of entering of unauthorised persons in reserved coaches and occupying the reserved berths of the bonafide passengers have come to notice. In order to curb this menace, surprise checks are conducted by the railways from time to time with the help of Government Railway Police/Railway Protection Force personnel and the persons found travelling unauthorisedly are dealt with under the provisions of Railways act, 1989. The staff found indulging in practice of allowing such persons in reserved coaches are taken up under Discipline and Appeal Rules.

रेलवे द्वारा लोह अयस्क का परिवहन

2009. **श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया** :

श्री कपिल सिब्बल :

क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि **:**

(क) क्या यह सच है कि रेलवे द्वारा देश में लौह अयस्क का परिवहन बड़े पैमाने पर किया जाता है; और

(ख) यदि हां तो वर्ष 1995-96, 1996-97 और मात्रा कितनी है और इसके परिणामस्वरूप वर्ष-वार अलग-अलग रूप से कितनी धनराशि प्राप्त हुई?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री, संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम नाईक) : (क) जी हां।

(ख) 1995-96, 1996-97 और 1998-99 के दौरान ढ़ोए गह लौह अयस्क की मात्रा तथा उसके परिणामस्वरूप वसूल की गई राशि निम्नानुसार है:-

वर्ष	ढ़ोई गई मात्रा (प्रारम्भिक टन हजार में)	वसूल की गई राशि (करोड़ रुपए में)
1995-96	44,496	863.42
1996-97	46,024	958.82
1998-99 (जनवरी, 1999 तक)	39,345	985.46

Rail link for Gandhinagar

2010. SHRI BANGARU LAXMAN: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Gandhinagar district Headquarters in Gujarat has not been provided with raillink;

(b) if so, whether Government have any proposal to connect Gandhinagar with Jaipur, Abu Road by rail; and

(c) if so, the details thereof and if not the reasons therefor?

THE MINISTER OF "STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS, MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI RAM NAIK): (a) No, Sir.

(b) and (c) Gandhinagar is already connected with Ahmedabad by rail and via it with Jaipur and Abu Road.

Racket in base kitchen of south central railway

2011. SHRI RAJU BHAI A. PARMAR:
SMT. KAMLA SINHA:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to slate:

(a) whether the CBI has unearthed a racket in the base kitchen unit of South

Centra] Railway in which the Railways have been losing around Rs. 10 lakh each month;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the action taken or proposed to be taken in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFARIS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI RAM NAIK): (a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.

रेल टिकटों का उपलब्ध न होना

2012. **श्री ईश दत्त यादव** :

प्रो0 रामगोपाल यादव :

(क) नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को रेल टिकटें/आरक्षण टिकटें उपलब्ध न होने के क्या कारण है;

(ख) क्या रेल अधिकारी यात्रियों की सहायता करना चाहते हुए भी उनकी मदद करने की स्थिति में नही है, यदि हां, तो इसके क्या कारण है; और

(ग) सरकार द्वारा नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशनों पर दलालों के आधिपत्य को समाप्त करने और आरक्षण काउंटरों से यात्रियों की टिकटें/ आरक्षण प्रदान करने के लिए क्या प्रभावी दंडात्मक कार्यवाही की जा रही है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री, संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम नाईक) : (क) दिल्ली, नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन स्टेशनों पर टिकट की कोई कमी नही है । इन स्टेशनों पर मुद्रित कार्ड टिकट और स्वमुद्रण टिकट मशीन (एस0पी0टी0एम0) के बंडल पर्याप्त मात्रा में मुहैया कराए गए है ।

उत्तर रेलवे के सभी स्थानों पर सभी गंतव्यों के लिए पहले आओ पहले पाओ के आधार पर कम्प्यूटरों के माध्यम से आरक्षित टिकट जारी किए जाते है । आरक्षित स्थान के पूर्णरूप से बुक होने के पश्चात यात्रियों को आर0ए0सी0 और प्रतीक्षा सूची में रखा जाता है ।

(ख) संपर्क करने पर अधिकारी यात्रियों का उचित मार्गदर्शन करते है परंतु वे किसी यात्री का अनुचित पक्ष नही ले सकते है और यह संभव भी नही है क्योंकि आरक्षण बिना मानवीय हस्तक्षेप के कम्प्यूटरों प्रणाली के माध्यम से किया जाता है । बहरहाल, जब कभी व्यवहार्य होता है तो भीड़ को कम करने के लिए अतिरिक्त डिब्बे लगाए जाते है ।

(ग) दलालों और अन्य असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को रोकने के लिए बहुत से कदम उठाए गए हैं जिनमें दिल्ली क्षेत्र सहित सभी प्रमुख स्टेशनों पर नियमित रूप से विशेष अभियान चलाने के लिए सर्तकता, जालसाजी रोधी तथा रेलवे सुरक्षा बल के कर्मचारियों से विशेष दल गठित करना तथा पूजा, ग्रीष्म कालीन भीड़-भाड़ की व्यस्त अवधि के दौरान सदाशयी उपयोगकर्ताओं को आरक्षण की उपलब्धता सुनिश्चित करना शामिल है ।

रेलवे पास का जारी किया जाना

2013. **श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया** :

श्री राज मोहिन्दर सिंह :

क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलवे द्वारा विभिन्न श्रेणी के लोगों के लिए रेलवे में मुफ्त यात्रा करने की सुविधा देने हेतु पास जारी किये जाते है;

(ख) यदि हां, तो ये निर्धारित श्रेणियां कौन-कौन सी हैं, तथा इन श्रेणियों के लिए गत 1995-96, 1996-97 तथा 1997-98 में अलग-अलग कितने-कितने पास जारी किए गए है; और

(ग) चालू वित्तीय वर्ष में जनवरी, 1999 के अंत तक कुल कितने पास विभिन्न श्रणियों के लोगों के लिए जारी किये गये है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री, संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम नाईक) : (क) जी हां ।